//महाविद्यालय में "मेरी माटी केरा देश" शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न//

शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद में आज दिनांक 14/08/2023 को आजादी का अमृत महोत्सव 'मेरी माटी केरा देश' में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में प्राचार्य, डॉ. जे.के. खलखो नें मां सरस्वती की प्रतिमा में दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण किया। आजादी का अमृत महोत्सव में आजादी की ऊर्जा का अमृत एवं स्वतंत्रता सेनानियों के प्रेरणाओं का अमृत उत्सव है। यह कार्यक्रम भारत सरकार की पहल पर भारत की स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ मनाने के लिए और अपनी संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास को स्मरण करने के लिए शुरू किया गया था। इसी श्रृख्ला में 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान से आजादी का अमृत महोत्सव के समापन कार्यक्रम के रूप में की गई। इस कार्यक्रम के माध्यम से हम वीरों तथा वीरांगनाओं को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे है। जिन्होने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है। इस अभियान द्वारा हम अपनी मिट्टी से जुड़कर अपने वीर नायकों का सम्मान करके राष्ट्रीय गौरव की भावना विकसित करने में समर्थ होंगे इन्ही उद्देश्यों के साथ महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजन किया गया। आजादी के अमृत काल में समृद्ध व सुदृढ़ भारत बनाने के लिए ऐसी व्यवस्था तैयार करना होगा जिसमें भारतीय आध्यात्मिक चेतना के साथ भारतीय माननीय मूल्यो की समावेश हो जिससे देश के समावेशी विकास को प्राप्त किया जा सके। इसके लिए प्रत्येक देश वासियों (हमें) को संकल्प व शपथ लेकर सहभागी बनना होगा। अगली कड़ी में प्राचार्य महोदय ने समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों व छात्र–छात्राओं को हाथ में दीये या मिट्टी लेकर पंच प्राण की शपथ दिलाये। पंचप्राण में निम्न शपथ लिये विकसित भारत का सपना को साकार करना।

सभी प्रकार के गुलाम मानसिकता का उन्मूलन करना। अपने यशस्वी परम्पराओं पर गर्व करना और उन्हे सुरक्षित रखना देश की एकता और अखण्डता पर कार्य करना। देश की ओर हमारे अटूट कर्तव्यों की पुष्टि करना।

कार्यक्रम में वरिष्ट प्राध्यापक प्रो.डी.आर. बैद्य, डॉ. एच.एल.मानकर, प्रो.सी.डी.मानिकरपुरी, डॉ.दीपाली राव, श्रीमती जयंती सिंह, प्रो.सुनिता गणेश जोशी, प्रो.जी.एन.खरे, महाविद्यालय के अतिथि प्राध्यापक,अधिकारी,कर्मचारी एवं समस्त छात्र–छात्रायें उपस्थित थे।

14-8-23

प्राचार्य

शासकीय महाविद्यालय बालोद

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय
बालोद, जिला-बालोद (छ.ग.).
दूरभाष क्रमांक-07749-222070, ईमेल- govtcollbalod@rediffmail.com

बालोद दिनांक- 14/08/2023

## मेरी माटी मेरा देश अभियान

## शपथ

1. हमें विकसित भारत का सपना साकार करना है।
2. हमें सभी प्रकार के गुलाम मानसिकता का उन्मूलन करना है।
3. हमें अपने यशस्वी परम्पराओं पर गर्व है और उन्हे सुरक्षित रखना है।
4. हमें देश की एकता एवं अखण्डता पर कार्य करते हुए, उन्हे अक्षुण्ण रखना है।
5. हमें देश के प्रति अपने अटूट कर्तव्यों का पालन करना है।

**कार्यालय प्राचार्य(अग्रणी) शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद, जिला–बालोद (छ.ग.)**

**दूरभाष क्रमांक–07749–222076, ईमेल– govtcollbalod@rediffmail.com**

: : सूचना : :

दिनांक– 11 / 08 / 2023

इस महाविद्यालय एवं शास.कन्या महावि.बालोद के समस्त छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि आजादी के अमृत महोत्सव के समापन कार्यक्रम उन वीरों के सम्मान करने के लिए है जिन्होने हमारे भविष्य के लिए अपना आज त्याग दिया। इन वीरों के सम्मान में "मेरी माटी मेरा देश" के अंतर्गत दिनांक 14 अगस्त 2023 को प्रातः 11:00 बजे मिट्टी के दीये के साथ शपथ लिया जाना है।

अतः छात्र–छात्राएं मिट्टी के दिये के साथ निर्धारित तिथि व समय पर महाविद्यालय प्रांगण में उपस्थित रहें।

प्रभारी अधिकारी

Principal
शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त
स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद
Govt. Ghanshyam Singh Gupt
P.G. College, Balod (C.G.)


राष्ट्रीय सेवा योजना
इकाई
GPS Map Camera
Balod, Chhattisgarh, India
G.S.G.P.G. College Balod, Durg Dalli-Rajhara Rd, Balod, Chhattisgarh
491226, India
Lat 20.718056°
Long 81.191625°
14/08/23 01:03 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Balod, Chhattisgarh, India
G.S.G.P.G. College Balod, Durg Dalli-Rajhara Rd, Balod, Chhattisgarh 491226, India
Lat 20.718114°
Long 81.191653°
14/08/23 01:03 PM GMT +05:30
Google